Chapter - 4

ड्रॉप कैप क्या है? इसे पेजमेकर में कैसे प्रयोग करते है

एक Drop Cap एक सजावटी तत्व है जो आमतौर पर किसी सेक्शन या अध्याय की शुरुआत में उपयोग की जाती है। यह किसी पैराग्राफ या ब्लॉक के शुरुआत में उपयोग किया जाने वाला कैपिटल लेटर होता है जिसमें सामान्य टेक्स्ट की दो या दो से अधिक पंक्तियों की गहराई होती है।

अगर आप किसी पैराग्राफ या पेज की शुरुआत को और भी अच्छे तरीके से दर्शाना चाहते हैं ताकि वो आकर्षित लगे तो आप ड्राप कैप का प्रयोग कर सकते हैं।ड्राप कैप का अर्थ हुआ किसी वाक्य के शुरूआती अक्षर को कैपिटल में इतना बड़ा कर देना जिस से वो दो या उस से बड़े लाइन से भी बड़ा हो जाए। एक Drop Cap एक सजावटी तत्व है जो आम तौर पर किसी सेक्शन या अध्याय की शुरुआत में उपयोग की जाती है। यह किसी पैराग्राफ या ब्लॉक के शुरुआत में उपयोग किया जाने वाला Capital letter होता है जिसमें सामान्य टेक्स्ट की दो या दो से अधिक पंक्तियों की गहराई होती है।

जैसे आप ऊपर दिए गये चित्र में देख सकते है कि कैसे O जो कि पैराग्राफ का शुरूआती अक्षर है उसकी साइज़ को बड़ा दिया गया है और कैपिटल कर दिया गया है जिसके कारण वो तीन पंक्तियों में फैला हुआ है। ड्राप कैप के उपयोग से आपका पेज और भी पोलिश किया हुआ लगने लगता है और पेज या पैराग्राफ की शुरुआत कहाँ से हो रही है ये भी काफी आसानी से दिख जाता है।

ड्राप कैप बनाने के लिए निम्न स्टेप्स को फॉलो करना पड़ता है |

- टेक्स्ट टूल के साथ, उस अक्षर को हाइलाइट करें या टाइप करे जिसे आप ड्रॉप कैप में बनाना चाहते हैं।



- टेक्स्ट को टाइप करके Utilities Menu पर क्लिक करेंगे |
- फिर Plug-ins-कमांड सेलेक्ट करेगे |
- इसके बाद Drop cap का ऑप्शन चुनेगे,जिससे नीचे दिया गया डायलॉग बॉक्स ओपन होगा |

- इस डायलॉग बॉक्स में आपको बताना होगा कितनी लाइन तक आप करैक्टर को खीचना चाह रहे हो |
- इसके बाद Apply बटन पर क्लिक करेंगे |
- अगर आप Drop cap हटाना चाह रहे है तो Remove बटन पर क्लिक करे |